# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ

विज्ञापन संख्या 07-परीक्षा/2026, सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा (प्रा.अ.प.-2025)/08

**Exam Date – 23-08-2026** **Answer Key** (Master Set)

**1.** तंजावुर में स्थित बृहदीश्वर मंदिर का निर्माण किस चोल शासक के शासनकाल में हुआ था ?

**राजराज चोल प्रथम**

The Brihadisvara Temple at Thanjavur was built during the reign of which Chola ruler ?

**Rajaraja Chola I**

---

**2.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (स्थल) | | सूची II (क्षेत्र) |
|---|---|---|---|
| a. | लखनजो-दारो | i. | सिंध |
| b. | निंदोवारी | ii. | बलूचिस्तान |
| c. | धालेवान | iii. | पंजाब |
| d. | कालीबंगन | iv. | राजस्थान |

**कूट :**

**a-i, b-ii, c-iii, d-iv**

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | List I (Site) | | List II (Region) |
|---|---|---|---|
| a. | Lakhanjo-Daro | i. | Sindh |
| b. | Nindowari | ii. | Balochistan |
| c. | Dhalewan | iii. | Punjab |
| d. | Kalibangan | iv. | Rajasthan |

**Code :**

**a-i, b-ii, c-iii, d-iv**

---

**3.** निम्नलिखित में से ब्रिटिश संवैधानिक प्रावधानों और उन्हें लागू करने वाले अधिनियमों का कौन सा युग्म सही सुमेलित है?

**द्विसदनीय विधायिका — भारत सरकार अधिनियम, 1919**

Which of the following pairs of British constitutional provisions and their introducing Acts is correctly matched?

**Bicameral Legislature — Government of India Act, 1919**

---

**4.** पहला आंग्ल-मराठा युद्ध 1782 में निम्नलिखित में से किस संधि के साथ समाप्त हुआ ?

**सालबाई की संधि**

The First Anglo-Maratha War ended in 1782 with which of the following treaties ?

**Treaty of Salbai**

---

**5.** सैन फ्रांसिस्को में हिंदुस्तान गदर पार्टी के मुख्यालय को किस नाम से जाना जाता था ?

**युगांतर आश्रम**

By what name was the headquarters of the Hindustan Ghadar Party in San Francisco known ?

**Yugantar Ashram**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**6.** 1892 में ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए पहले भारतीय कौन थे ?

**दादाभाई नौरोजी**

Who was the first Indian elected to the British House of Commons in 1892 ?

**Dadabhai Naoroji**

---

**7.** किसी निचली अदालत, न्यायाधिकरण या प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश को रद्द करने के लिए कौन-सी रिट जारी की जाती है ?

**उत्प्रेषण**

Which writ is issued to quash an order passed by a lower court, tribunal or authority ?

**Certiorari**

---

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा नोडल विभाग भारत सरकार की नागरिक अधिकार-पत्र (Citizen's Charter) पहल के कार्यान्वयन और संवर्धन के लिए उत्तरदायी है ?

**प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG)**

Which of the following is the nodal department responsible for the implementation and promotion of the Citizen's Charter initiative in the Government of India ?

**Department of Administrative Reforms and Public Grievances (DARPG)**

---

**9.** संसद में किस समापन प्रस्ताव (closure motion) के तहत केवल महत्त्वपूर्ण खंडों पर ही बहस की अनुमति दी जाती है ?

**कंगारू समापन (Kangaroo Closure)**

Which closure motion allows only important clauses to be debated in Parliament ?

**Kangaroo Closure**

---

**10.** पेसा (PESA) अधिनियम, 1996 के अंतर्गत, अनुसूचित क्षेत्रों में लघु वनोपज का स्वामित्व किस प्राधिकारी में निहित है ?

**ग्राम सभा और पंचायत**

Under the PESA Act, 1996, which authority is vested with the ownership of minor forest produce in Scheduled Areas ?

**Gram Sabha and Panchayat**

---

**11.** माजुली द्वीप किस भारतीय राज्य में स्थित है ?

**उपर्युक्त में से कोई नहीं**

In which Indian state is Majuli Island located ?

**None of the above**

---

**12.** 1965 में भारत का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (EPZ) कहाँ स्थापित किया गया था ?

**काँडला**

Where was India's first Export Processing Zone (EPZ) established in 1965 ?

**Kandla**

---

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा रोगजनक कुक्कुटों में रानीखेत रोग (जिसे न्यूकैसल रोग भी कहा जाता है) के लिए उत्तरदायी है ?

**पैरामिक्सोवायरस**

Which of the following causative agents is responsible for Ranikhet disease (also known as Newcastle disease) in poultry ?

**Paramyxovirus**

---



PROVISIONAL ANSWERS

**14.** वह अनुपात जो कार्यशील-आयु जनसंख्या पर ग़ैर-कार्यशील जनसंख्या के भार को दर्शाता है, कहलाता है :

**पराश्रितता अनुपात**

The ratio that indicates the burden of the non-working population on the working-age population is called :

**Dependency Ratio**

---

**15.** रॉकी पर्वत के पवनविमुख (leeward) ढालों पर चलने वाली गर्म और शुष्क स्थानीय फॉन (Foehn) पवन कौन-सी है ?

**चिनूक**

Which warm and dry local Foehn wind blows on the leeward side of the Rocky Mountains ?

**Chinook**

---

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सतत विकास लक्ष्य (SDG) संख्या का उसके संबंधित लक्ष्य के साथ सही मिलान है ?

**सतत विकास लक्ष्य 4 – गुणवत्तापूर्ण शिक्षा**

Which of the following options correctly matches the Sustainable Development Goal (SDG) number with its corresponding goal ?

**SDG 4 – Quality Education**

---

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सी भारत सरकार की पूँजीगत प्राप्ति ***नहीं*** है ?

**लाभांश आय**

Which of the following is ***not*** a capital receipt of the Government of India ?

**Dividend Income**

---

**18.** पीएम-आशा (PM-AASHA) योजना के अंतर्गत, दलहनों, तिलहनों और खोपरा की भौतिक खरीद के लिए कौन-सी योजना उत्तरदायी है ?

**मूल्य समर्थन योजना (PSS)**

Which scheme under the PM-AASHA framework is responsible for the physical procurement of pulses, oilseeds and copra ?

**Price Support Scheme (PSS)**

---

**19.** केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के वर्गीकरण के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) को कौन-सी 'रत्न' श्रेणी प्रदान की गई है ?

**मिनीरत्न-I**

Which 'Ratna' status has been granted to Bharat Sanchar Nigam Limited (BSNL) by the Government of India under the classification of Central Public Sector Enterprises ?

**Miniratna-I**

---

**20.** रेलवे सुरक्षा को बढ़ाने के लिए भारत द्वारा कौन-सी स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली विकसित की गई है ?

**कवच**

Which indigenous Automatic Train Protection (ATP) system has been developed by India to enhance railway safety ?

**Kavach**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**21.** 2026 में विंबलडन पुरुष एकल का खिताब किसने जीता ?

**जैनिक सिनर**

Who won the Wimbledon men's singles title in 2026 ?

**Jannik Sinner**

---

**22.** वर्ष 2026 में, भारत-इंडोनेशिया संबंधों को मज़बूत करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री को किस इंडोनेशियाई राज्य सम्मान से सम्मानित किया गया था ?

**बिंतांग आदिपूर्णा**

In 2026, which Indonesian state honour was conferred on the Prime Minister of India for strengthening India-Indonesia relations ?

**Bintang Adipurna**

---

**23.** "न्याय सेतु" एआई चैटबॉट के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह एक वॉइस-फर्स्ट (voice-first), मल्टीमॉडल और बहुभाषी एआई-संचालित कानूनी सहायक है।

II. इसे न्याय विभाग के दिशा (DISHA) कार्यक्रम के तहत लॉन्च किया गया था।

III. यह वास्तविक-समय में बहुभाषी अनुवाद को सक्षम करने के लिए अनुवादिनी प्रणाली का उपयोग करता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

**केवल I और II**

With reference to the "Nyaya Setu" AI Chatbot, consider the following statements :

I. It is a voice-first, multimodal, and multilingual AI-powered legal assistant.

II. It was launched under the DISHA programme of the Department of Justice.

III. It utilizes the Anuvaadini system to enable real-time multilingual translation.

Which of the above statements are correct ?

**I and II only**

---

**24.** किस पूर्व भारतीय राजनयिक को 2026 में संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर समिति (CESCR) के लिए फिर से चुना गया ?

**प्रीति सरन**

Which former Indian diplomat was re-elected to the United Nations Committee on Economic, Social and Cultural Rights (CESCR) in 2026 ?

**Preeti Saran**

---

**25.** विनियामक अनुमोदन, अनुज्ञप्ति और एनबीएफसी (NBFC) प्रमाणपत्रों के समर्पण को संसाधित करने के लिए आरबीआई (RBI) द्वारा कौन-सा पोर्टल लॉन्च किया गया था ?

**प्रवाह (PRAVAAH)**

Which portal was launched by the RBI to process regulatory approvals, licenses, and the surrender of NBFC certificates ?

**PRAVAAH**

---

**26.** भारतीय वायु सेना में शामिल पहले स्वदेशी रूप से विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (LCH) का नाम क्या है ?

**उपर्युक्त में से कोई नहीं**

What is the name of the first indigenously developed Light Combat Helicopter (LCH) inducted into the Indian Air Force ?

**None of the above**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**27.** औषध-प्रतिरोधी (drug-resistant) श्वसन-मार्ग संक्रमणों के उपचार के लिए किस नए भारतीय एंटिबायोटिक (antibiotic) का विकास किया गया है ?

**नैफिथ्रोमाइसिन**

Which new Indian antibiotic has been developed to treat drug-resistant respiratory tract infections ?

**Nafithromycin**

---

**28.** इसरो (ISRO) ने 2025 में श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) से अमेरिका के किस AST स्पेसमोबाइल संचार उपग्रह को प्रक्षेपित किया ?

**ब्लूबर्ड ब्लॉक-2**

Which US-based AST SpaceMobile communication satellite did ISRO launch from Sriharikota (Andhra Pradesh) in 2025 ?

**BlueBird Block-2**

---

**29.** जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप को किस विशिष्ट बिन्दु पर स्थापित किया गया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह पृथ्वी की समान गति से सूर्य की परिक्रमा करें ?

**सूर्य-पृथ्वी L2**

At which specific point is the James Webb Space Telescope positioned to ensure it moves around the Sun at the same rate as the Earth ?

**Sun–Earth L2**

---

**30.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची I (मिसाइल)** | | **सूची II (प्रकार)** |
|---|---|---|---|
| a. | आकाश | i. | दृश्य सीमा से परे वायु-से-वायु में मार करने वाली मिसाइल |
| b. | ब्रह्मोस | ii. | टैंक-रोधी निर्देशित मिसाइल |
| c. | अस्त्र | iii. | सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल |
| d. | हेलिना | iv. | सतह से वायु में मार करने वाली मिसाइल |

**कूट :**

**a-iv, b-iii, c-i, d-ii**

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | **List I (Missile)** | | **List II (Type)** |
|---|---|---|---|
| a. | Akash | i. | Beyond Visual Range Air-to-Air Missile |
| b. | BrahMos | ii. | Anti-Tank Guided Missile |
| c. | Astra | iii. | Supersonic Cruise Missile |
| d. | Helina | iv. | Surface-to-Air Missile |

**Code :**

**a-iv, b-iii, c-i, d-ii**

---

**31.** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम पारंपरिक कोयला संचालित पावर स्टेशन में ऊर्जा रूपांतरण को सही ढंग से दर्शाता है ?

**रासायनिक → ऊष्मीय → यांत्रिक → विद्युत**

Which of the following sequence correctly represents energy conversion in a conventional coal-fired power station ?

**Chemical → Thermal → Mechanical → Electrical**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**32.** किस प्रभाव के कारण नैनोकणों का गलन ताप उनके आकार के घटने के साथ घट जाता है ?

**गिब्स-थॉमसन प्रभाव**

Which effect causes the melting temperature of nanoparticles to decrease as their size decreases ?

**Gibbs-Thomson effect**

---

**33.** कौन-सी तकनीक रेडियोलेबल किए गए DNA संपरीक्षित्र (प्रोब) का उपयोग करके एक विशिष्ट DNA अनुक्रम की पहचान करती है ?

**सदर्न ब्लॉटिंग**

Which technique identifies a specific DNA sequence using a radiolabelled DNA probe ?

**Southern Blotting**

---

**34.** काला-अज़ार (विसेरल लीशमैनियासिस), जो भारत में उन्मूलन के लिए लक्षित एक परजीवी रोग है, *लीशमैनिया डोनोवानी (Leishmania donovani)* के कारण होता है और __________ के काटने से मनुष्यों में फैलता है।

**सैंडफ़्लाई (Sandfly)**

Kala-azar (Visceral Leishmaniasis), a parasitic disease targeted for elimination in India, is caused by *Leishmania donovani* and transmitted to humans by the bite of :

**Sandfly**

---

**35.** जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (GDPR) के अंतर्गत, "भुला दिए जाने का अधिकार" (right to be forgotten) किसी व्यक्ति को क्या करने की अनुमति देता है ?

**कुछ व्यक्तिगत डेटा को मिटाने का अनुरोध करना**

Under the General Data Protection Regulation (GDPR), the "right to be forgotten" allows an individual to :

**Request erasure of certain personal data**

---

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (POPs) के उन्मूलन या न्यूनीकरण से संबंधित है ?

**स्टॉकहोम सम्मेलन**

Which of the following international conventions deals with the elimination or reduction of Persistent Organic Pollutants (POPs) ?

**Stockholm Convention**

---

**37.** भारत में आपदा-निगरानी की मुख्य भूमिका के साथ कौन-सा संयोजन सही सुमेलित है ?

**IMD — चक्रवात; CWC — बाढ़; INCOIS — सुनामी**

Which combination is correctly matched with its principal disaster-monitoring role in India ?

**IMD — Cyclones; CWC — Floods; INCOIS — Tsunamis**

---

**38.** ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के अंतर्गत, ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिकायत तब दर्ज की जा सकती है जब ध्वनि स्तर निर्धारित परिवेशी ध्वनि मानक से :

**10 dB(A) या अधिक हो**

Under the Noise Pollution (Regulation and Control) Rules, 2000, a complaint regarding noise pollution can be made when the noise level exceeds the prescribed ambient noise standard by :

**10 dB(A) or more**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**39.** आपदा जोखिम न्यूनीकरण 2015 – 2030 के लिए सेंदाई फ्रेमवर्क के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह छह वैश्विक लक्ष्यों और कार्रवाई के लिए तीन प्राथमिकताओं को निर्धारित करता है।

II. यह पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण के दौरान "बिल्ड बैक बेटर" (बेहतर पुनर्निर्माण) को बढ़ावा देता है।

III. इसे आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर तीसरे संयुक्त राष्ट्र विश्व सम्मेलन में अपनाया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

**केवल II और III**

With reference to the Sendai Framework for Disaster Risk Reduction 2015 – 2030, consider the following statements :

I. It sets six global targets and three priorities for action.

II. It promotes "Build Back Better" during recovery and reconstruction.

III. It was adopted at the Third UN World Conference on Disaster Risk Reduction.

Which of the above statements is/are correct ?

**II and III only**

---

**40.** राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. SDRF का गठन आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 58(1)(a) के अंतर्गत किया गया है।

II. केन्द्र सरकार सामान्य श्रेणी के राज्यों के लिए इस कोष का 70% और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 80% योगदान देती है।

III. राज्य केंद्रीय रूप से अधिसूचित सूची में शामिल न होने वाली स्थानीय प्राकृतिक आपदाओं के लिए इस कोष का 10% तक उपयोग कर सकते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

**केवल III**

Consider the following statements regarding the State Disaster Response Fund (SDRF) :

I. The SDRF is constituted under Section 58(1)(a) of the Disaster Management Act, 2005.

II. The Central Government contributes 70% of the fund for general category states and 80% for special category states.

III. States can use up to 10% of the fund for local natural disasters not included in the central notified list.

Which of the above statements is/are correct ?

**III only**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**41.** जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सी परित्यक्त वस्तुओं को लाल श्रेणी के अंतर्गत संदूषित पुनर्चक्रण-योग्य अपशिष्ट के रूप में वर्गीकृत किया गया है ?

I. अंत:शिरा ट्यूब और सेट
II. कैथेटर
III. यूरीन बैग
IV. बिना सुई वाली सिरिंज
V. प्रयुक्त सिरिंज की सुइयाँ
VI. संदूषित काँच की शीशियाँ (वायल)

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए :

**केवल I, II, III और IV**

With reference to the Bio-Medical Waste Management Rules, 2016, which of the following discarded items are classified as contaminated recyclable waste under the Red category ?

I. Intravenous tubes and sets
II. Catheters
III. Urine bags
IV. Syringes without needles
V. Needles from used syringes
VI. Contaminated glass vials

Select the correct answer using the code given below :

**I, II, III and IV only**

---

**42.** राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत कार्य करता है।
II. इसका गठन 2006 में किया गया था।
III. यह आपदा प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय योजना तैयार करने के लिए उत्तरदायी है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

**केवल I और II**

Consider the following statements regarding the National Disaster Response Force (NDRF) :

I. It functions under the administrative control of the Ministry of Home Affairs.
II. It was constituted in 2006.
III. It is responsible for preparing the National Plan for Disaster Management.

Which of the above statements are correct ?

**I and II only**

---

**43.** 1995 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन केंद्र (NCDM) की स्थापना निम्नलिखित में से किस संगठन के अंतर्गत की गई थी ?

**भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (IIPA)**

Under which of the following organizations was the National Centre for Disaster Management (NCDM) established in 1995 ?

**Indian Institute of Public Administration (IIPA)**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**44.** प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (CAMPA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. CAF अधिनियम, 2016 और CAF नियम, 2018, 30 सितंबर, 2018 को लागू हुए।

II. राष्ट्रीय CAMPA के पास राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय दोनों प्राधिकरणों के लिए एकल शासी निकाय है।

III. CAMPA कोष का उपयोग वनीकरण उद्देश्यों के लिए भूमि की खरीद के लिए किया जा सकता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

**केवल I**

Consider the following statements regarding the Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) :

I. The CAF Act, 2016 and the CAF Rules, 2018 came into effect on 30 September, 2018.

II. National CAMPA has a single governing body for both National- and State-level authorities.

III. CAMPA funds can be used for the purchase of land for afforestation purposes.

Which of the above statements is/are correct ?

**I only**

---

**45.** "ईकोटोन" शब्द का क्या तात्पर्य है ?

**दो आसन्न पारिस्थितिकी तंत्रों के बीच का संक्रमणकालीन क्षेत्र**

What does the term "ecotone" refer to ?

**A transitional zone between two adjacent ecosystems**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**निर्देश (प्रश्न संख्या 46 – 50) :** निम्नलिखित तालिका एक विशेष सत्र के दौरान पाँच संस्थानों द्वारा प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या और प्रति उम्मीदवार लिए गए प्रशिक्षण शुल्क को दर्शाती है। तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**Directions (Question no. 46 – 50) :** The following table shows the number of candidates trained by five institutes and the training fee charged per candidate during a particular session. Study the table carefully and answer the questions that follow.

| **संस्थान / Institute** | **प्रशिक्षित उम्मीदवार / Candidates Trained** | **प्रति उम्मीदवार शुल्क (₹) / Fee per Candidate (₹)** |
|---|---|---|
| A | 240 | 18,000 |
| B | 300 | 16,000 |
| C | 180 | 24,000 |
| D | 360 | 15,000 |
| E | 220 | 20,000 |

**46.** सभी पाँचों संस्थानों द्वारा कुल कितना शुल्क एकत्रित किया गया है ?

**₹ 2,32,40,000**

What is the total fee collected by all five institutes ?

**₹ 2,32,40,000**

---

**47.** 250 या उससे कम उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों का प्रति उम्मीदवार भारित औसत प्रशिक्षण शुल्क, 250 से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों के शुल्क से कितना अधिक है ?

**₹ 4,920·45**

By how much does the weighted average training fee per candidate for institutes that trained 250 or fewer candidates exceed that for institutes that trained more than 250 candidates ?

**₹ 4,920·45**

---

**48.** संस्थान A और C द्वारा एकत्रित संयुक्त शुल्क का, संस्थान D और E द्वारा एकत्रित संयुक्त शुल्क से क्या अनुपात है ?

**216 : 245**

The combined fee collected by Institutes A and C is in what ratio to the combined fee collected by Institutes D and E ?

**216 : 245**

---

**49.** यदि संस्थान B अपने प्रति उम्मीदवार शुल्क में 25% की वृद्धि करता है, जबकि उम्मीदवारों की संख्या अपरिवर्तित रहती है, तो सभी पाँचों संस्थानों द्वारा एकत्रित कुल नया शुल्क कितना होगा ?

**₹ 2,44,40,000**

If Institute B increases its fee per candidate by 25%, while the number of candidates remains unchanged, what will be the new total fee collected by all five institutes ?

**₹ 2,44,40,000**

---

**50.** संस्थान D द्वारा प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या में 20% की कमी की जाती है, जबकि प्रति उम्मीदवार शुल्क में 25% की वृद्धि की जाती है। इन परिवर्तनों के बाद संस्थान D द्वारा एकत्रित किया गया शुल्क कितना होगा ?

**₹ 54,00,000**

Institute D reduces the number of candidates trained by 20%, while increasing the fee per candidate by 25%. What will be the fee collected by Institute D after the changes ?


**₹ 54,00,000**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**निर्देश (प्रश्न संख्या 51 – 55) :** निम्नलिखित पाई चार्ट एक कैलेंडर वर्ष में किसी स्कूल द्वारा अलग-अलग खेलों पर खर्च की गई राशि को दर्शाता है। यदि फुटबॉल पर खर्च की गई राशि ₹ 9,000 है, तो निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**Directions (Question no. 51 – 55) :** The following pie chart represents the amount spent on different sports by a school in a calendar year. If the amount spent on football is ₹ 9,000, answer the following questions :




PROVISIONAL ANSWERS

**51.** सभी खेलों पर कुल कितनी राशि खर्च की गई है ?

**₹ 72,000**

What is the total amount spent on all the sports ?

**₹ 72,000**

---

**52.** फुटबॉल की तुलना में हॉकी पर कितनी अधिक राशि खर्च की गई है ?

**₹ 11,000**

How much more is spent on Hockey than on Football ?

**₹ 11,000**

---

**53.** कुल राशि का कितना भाग क्रिकेट पर खर्च किया गया है ?

$\mathbf{\frac{4}{9}}$

What fraction of the total amount is spent on Cricket ?

$\mathbf{\frac{4}{9}}$

---

**54.** बास्केटबॉल पर कितनी राशि खर्च की गई है ?

**उपर्युक्त में से कोई नहीं**

What is the amount spent on Basketball ?

**None of the above**

---

**55.** यदि फुटबॉल पर कुल खर्च की गई राशि ₹ 9,000 से ₹ 18,000 तक बढ़ जाती है (और पाई चार्ट अपरिवर्तित रहती है), तो हॉकी और बास्केटबॉल पर खर्च की गई कुल राशि है :

**₹ 48,000**

If the total amount spent on Football increases from ₹ 9,000 to ₹ 18,000 (and the pie chart remains unchanged), the combined amount spent on Hockey and Basketball is :

**₹ 48,000**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**56.** जब कोई राजकीय या ग़ैर-राजकीय संस्था अपने निर्देश, योजना, निर्णय आदि को समाचार-पत्रों के माध्यम से संबंधित व्यक्तियों एवं आम जनता तक पहुँचाती है, तो उसे कहा जाता है :

**विज्ञप्ति**

---

**57.** 'ओ' तथा 'औ' का उच्चारण स्थान है :

**कंठ व ओष्ठ**

---

**58.** 'अन्वेषण' शब्द का संधि-विच्छेद है :

**अनु + एषण**

---

**59.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है ?

**उत्साह**

---

**60.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'दिन' शब्द का पर्यायवाची ***नहीं*** है ?

**पामर**

---

**61.** निम्नलिखित में से वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द ***अशुद्ध*** है ?

**उपर्युक्त में से कोई नहीं**

---

**62.** 'तुमने पढ़ाई की होती तो उत्तीर्ण हो जाते।' वाक्य में कौन-सा काल है ?

**हेतुहेतुमद भूत**

---

**63.** निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य ***अशुद्ध*** है ?

**सप्रमाण सहित स्पष्ट कीजिए।**

---

**64.** निम्नलिखित में से किस विराम चिह्न का प्रयोग युग्म शब्दों के मध्य या दो शब्दों में संबंध स्पष्ट करने के लिए तथा शब्दों को दोहराने की स्थिति में किया जाता है ?

**योजक चिह्न**

---

**65.** 'आँधी के आम होना' मुहावरे का अर्थ है :

**सस्ती चीज़ें**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**66.** सामान्य कंप्यूटर ऐप्लिकेशन CAD का पूर्ण रूप क्या है ?

**कंप्यूटर-एडेड डिज़ाइन**

What is the full form of the common computer application CAD ?

**Computer-Aided Design**

---

**67.** कंप्यूटर की दूसरी पीढ़ी में कौन-सा इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेन्ट (घटक) उपयोग किया गया था ?

**ट्रांजिस्टर**

Which electronic component was used in the second generation of computers ?

**Transistors**

---

**68.** टीसीपी/आईपी (TCP/IP) प्रोटोकॉल लेयर्स का निम्नलिखित में से कौन-सा सही अनुक्रम (ऊपर से नीचे) है ?

**ऐप्लिकेशन → ट्रांसपोर्ट → इंटरनेट → नेटवर्क एक्सेस**

Which of the following is the correct sequence of the TCP/IP protocol layers (top to bottom) ?

**Application → Transport → Internet → Network Access**

---

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वर्ल्ड वाइड वेब के निर्माण के संबंध में सही है ?

**उपर्युक्त में से कोई नहीं**

Which of the following statements is correct regarding the creation of the World Wide Web ?

**None of the above**

---

**70.** एक उपयोगकर्ता किसी दस्तावेज़ की ड्राफ्ट प्रतियों की छपाई करते समय स्याही की खपत को कम करना चाहता है। छपाई की गुणवत्ता का कौन-सा विकल्प चुना जाना चाहिए ?

**इकोनोमोड**

A user wants to minimize ink consumption while printing draft copies of a document. Which print quality option should be selected ?

**EconoMode**

---

**71.** एक दस्तावेज़ में हस्तलिखित चेकबॉक्स और मुद्रित टेक्स्ट हों, तो चिह्नित किए गए उत्तरों को पढ़ने और मुद्रित टेक्स्ट को अलग से डिजिटाइज़ करने के लिए किस डिवाइस के संयोजन का उपयोग किया जाना चाहिए ?

**OMR और OCR**

Which combination of devices should be used to read the marked answers and separately digitize the printed text in a document containing handwritten checkboxes and printed text ?

**OMR and OCR**

---

**72.** आउटलुक की कौन-सी विशेषता प्राप्तकर्ताओं को साझा की गई फ़ाइल के नवीनतम संस्करण तक पहुँचने में हमेशा मदद करती है ?

**क्लाउड फ़ाइल शेयरिंग**

Which feature of Outlook helps recipients always access the latest version of a shared file ?

**Cloud file sharing**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**73.** एमएस एक्सेल (MS Excel) में सेल रेफरेंसिंग के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***ग़लत*** है ?

**R1C1 रेफरेंस स्टाइल में, ऐब्सोल्यूट रो या कॉलम संख्याओं को वर्गाकार कोष्ठकों में रखा जाता है।**

Which of the following statements about cell referencing in MS Excel is ***incorrect*** ?

**In the R1C1 reference style, absolute row or column numbers are enclosed in square brackets.**

---

**74.** निम्नलिखित में से कौन-सा पेज रिप्लेसमेंट ऐल्गोरिथ्म बेलेडी की विसंगति (Belady's Anomaly) प्रदर्शित कर सकता है ?

**फर्स्ट-इन, फर्स्ट-आउट (FIFO)**

Which of the following page replacement algorithms can exhibit Belady's Anomaly ?

**First-In, First-Out (FIFO)**

---

**75.** X (पहले Twitter) पर "Quote Post" फ़ीचर का उपयोग इसके लिए किया जाता है :

**किसी दूसरे यूज़र के पोस्ट को अपना कमेंट जोड़कर रीपोस्ट करने के लिए**

The "Quote Post" feature on X (formerly Twitter) is used to :

**Repost another user's post while adding your own comment**

---

**76.** निम्नलिखित में से केंद्रीकृत इलेक्ट्रॉनिक निधि हस्तांतरण प्रणालियों का कौन-सा युग्म क्रमशः 2004 और 2005 में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा उच्च-मूल्य और खुदरा इलेक्ट्रॉनिक भुगतानों को आधुनिक बनाने के लिए शुरू किया गया था ?

**RTGS और NEFT**

Which of the following pairs of centralized electronic fund transfer systems was introduced by the Reserve Bank of India (RBI) in 2004 and 2005 respectively to modernize large-value and retail electronic payments ?

**RTGS and NEFT**

---

**77.** क्वांटम कंप्यूटरों में उपयोग की जाने वाली सूचना की इकाई को कहा जाता है :

**क्यूबिट्स (Qubits)**

The unit of information used in quantum computers is called :

**Qubits**

---

**78.** डिजिटल हस्ताक्षर प्रणाली में प्रेषक की पहचान और संदेश की अखंडता को सत्यापित करने के लिए किस क्रिप्टोग्राफ़िक तंत्र का उपयोग किया जाता है ?

**निजी कुंजी से हस्ताक्षर के साथ हैशिंग**

Which cryptographic mechanism is used to verify the sender's identity and message integrity in a digital signature system ?

**Hashing with private key signing**

---

**79.** निम्नलिखित में से कौन-सा ट्रांसपोर्ट लेयर प्रोटोकॉल विश्वसनीय, इन-ऑर्डर डेटा डिलीवरी की गारंटी देता है और थ्री-वे हैंडशेक का उपयोग करके कनेक्शन स्थापित करता है ?

**उपर्युक्त में से कोई नहीं**

Which of the following transport layer protocols guarantees reliable, in-order data delivery and establishes a connection using a three-way handshake ?

**None of the above**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**80.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| | **(AI/ML अवधारणा)** | | **(विवरण)** |
| a. | रिकमेंडेशन इंजन | i. | प्रयास-एवं-त्रुटि आधारित अधिगम |
| b. | डीप लर्निंग | ii. | वैयक्तिकृत कंटेंट सुझाव |
| c. | सुपरवाइज़्ड लर्निंग | iii. | न्यूरल नेटवर्क-आधारित अधिगम |
| d. | रीइन्फोर्समेंट लर्निंग | iv. | पूर्वानुमान और वर्गीकरण के लिए नामांकित आँकड़े |

**कूट :**

**a-ii, b-iii, c-iv, d-i**

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | **List I** | | **List II** |
|---|---|---|---|
| | **(AI/ML Concept)** | | **(Description)** |
| a. | Recommendation Engine | i. | Trial-and-error learning |
| b. | Deep Learning | ii. | Personalized content suggestion |
| c. | Supervised Learning | iii. | Neural network-based learning |
| d. | Reinforcement Learning | iv. | Labelled data for prediction and classification |

**Code :**

**a-ii, b-iii, c-iv, d-i**

PROVISIONAL ANSWERS

**81.** उत्तर प्रदेश की किस क्षेत्रीय बोली को भाषाई रूप से "उ-कार बहुला" के रूप में वर्गीकृत किया गया है, क्योंकि इसमें "उ" ध्वनि पर समाप्त होने वाले शब्दों का व्याकरणिक प्रयोग प्रमुखता से होता है ?

**अवधी**

Which regional dialect of Uttar Pradesh is linguistically classified as "U-kar Bahula" due to the predominant grammatical use of words ending in the "u" sound ?

**Awadhi**

---

**82.** क्रांतिकारी महाकाव्य '*राम की शक्ति पूजा*', जो अपनी उदात्त शैली और भावनात्मक तीव्रता के लिए प्रसिद्ध है, किस छायावादी कवि ने लिखा था ?

**सूर्यकान्त त्रिपाठी**

The revolutionary epic poem '*Ram Ki Shakti Puja*', known for its grand style and emotional intensity, was written by which Chhayavaad poet ?

**Suryakant Tripathi**

---

**83.** निम्नलिखित में से किस कृति में चित्रकूट को 'रामगिरि' कहा गया है ?

***मेघदूत***

In which of the following works is Chitrakoot referred to as 'Ramgiri' ?

***Meghdoota***

---

**84.** उत्तर प्रदेश में स्थित ईको-पर्यटन गंतव्य 'चुका बीच', निम्नलिखित में से किस टाइगर रिज़र्व में स्थित है ?

**पीलीभीत टाइगर रिज़र्व**

'Chuka Beach', an eco-tourism destination in Uttar Pradesh, is located within which of the following tiger reserves ?

**Pilibhit Tiger Reserve**

---

**85.** उत्तर प्रदेश में स्थित कौन-सा स्मारक इस्तांबुल के 'सब्लाइम पोर्ट' (बाब-ए-हुमायूँ) की स्थापत्यकला से प्रेरित है ?

**रूमी दरवाज़ा**

Which monument located in Uttar Pradesh draws architectural inspiration from the 'Sublime Porte' (Bab-i-Humayun) of Istanbul ?

**Rumi Darwaza**

---

**86.** अकबर और उसके उत्तराधिकारियों के शासनकाल के दौरान, बस्ती जिले का क्षेत्र अवध सूबे की किस 'सरकार' का हिस्सा बना था ?

**गोरखपुर सरकार**

During the reign of Akbar and his successors, the territory of the Basti district formed a part of which Sarkar of the Awadh Subah ?

**Gorakhpur Sarkar**

---

**87.** ज्ञानोदय के बाद गौतम बुद्ध ने अपना सबसे पहला उपदेश कहाँ दिया था ?

**सारनाथ**

Where did Gautama Buddha deliver his first sermon after attaining enlightenment ?

**Sarnath**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**88.** जनवरी 2023 में वाराणसी से रवाना किए गए दुनिया के सबसे लंबे नदी क्रूज़ में से एक का नाम क्या है ?

**एमवी गंगा विलास**

What is the name of one of the world's longest river cruise that was flagged off from Varanasi in January 2023 ?

**MV Ganga Vilas**

---

**89.** किस अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान ने भूमि सुधार परियोजनाओं के लिए उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम (UPBSN) के साथ सहयोग किया है ?

**विश्व बैंक**

Which international financial institution has collaborated with the Uttar Pradesh Bhumi Sudhar Nigam (UPBSN) for land reclamation projects ?

**World Bank**

---

**90.** उत्तर प्रदेश की 'एक जिला एक उत्पाद' (ODOP) योजना के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित जिलों (सूची I) को उनके संबंधित उत्पादों (सूची II) से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (जिला) | | सूची II (उत्पाद) |
|---|---|---|---|
| a. | बदायूँ | i. | ज़री ज़रदोजी |
| b. | अयोध्या | ii. | गुड़ |
| c. | बलिया | iii. | बिंदी (टिकुली) |
| d. | बांदा | iv. | शज़र पत्थर शिल्प |

**कूट :**

**a-i, b-ii, c-iii, d-iv**

Match the following districts of Uttar Pradesh under the 'One District One Product' (ODOP) scheme (List I) with their corresponding products (List II) and select the correct answer using the code given below the lists :

| | List I (District) | | List II (Product) |
|---|---|---|---|
| a. | Budaun | i. | Zari Zardozi |
| b. | Ayodhya | ii. | Jaggery |
| c. | Ballia | iii. | Bindi (Tikuli) |
| d. | Banda | iv. | Shazar stone craft |

**Code :**

**a-i, b-ii, c-iii, d-iv**

---

**91.** उत्तर प्रदेश में 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण महायज्ञ – 2026 के अंतर्गत, किसानों को निम्नलिखित में से क्या वितरित किया गया था ?

**कार्बन क्रेडिट प्रमाण-पत्र**

Under the 'Ek Ped Maa Ke Naam' Vriksharopan Mahayagya – 2026 in Uttar Pradesh, which one of the following was distributed to farmers ?

**Carbon Credit Certificates**

---

**92.** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर, गोंडा, बहराइच और श्रावस्ती जिले निम्नलिखित में से किस मंडल के अंतर्गत आते हैं ?

**देवीपाटन**

The Balrampur, Gonda, Bahraich and Shravasti districts of Uttar Pradesh fall under which of the following divisions ?

**Devipatan**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**93.** उत्तर प्रदेश के स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अप्रैल 2026 में कौन-सी पहल शुरू की गई थी ?

**जल पखवाड़ा**

Which initiative was launched in schools and educational institutions in Uttar Pradesh in April 2026 to promote awareness about water conservation ?

**Jal Pakhwada**

---

**94.** उत्तर प्रदेश के बहराइच के करीकोट गाँव को निम्नलिखित में से किस श्रेणी में इंडियन सबकॉन्टिनेंट रिस्पॉन्सिबल टूरिज़्म (ICRT) अवार्ड 2025 प्राप्त हुआ है ?

**शांति, समझ और समावेश**

Karikot village of Bahraich, Uttar Pradesh, received the Indian Subcontinent Responsible Tourism (ICRT) Award 2025 in which of the following categories ?

**Peace, Understanding and Inclusion**

---

**95.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची I (पुरस्कार विजेता)** | | **सूची II (क्षेत्र)** |
|---|---|---|---|
| a. | आशुतोष शर्मा | i. | साहित्य और शिक्षा |
| b. | सोनिया नित्यानंद | ii. | सार्वजनिक मामले |
| c. | हृदय नारायण दीक्षित | iii. | विज्ञान और इंजीनियरिंग |
| d. | श्री नारायण (भुलई भाई) | iv. | चिकित्सा |

**कूट :**

**a-iii, b-iv, c-i, d-ii**

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | **List I (Awardee)** | | **List II (Field)** |
|---|---|---|---|
| a. | Ashutosh Sharma | i. | Literature and Education |
| b. | Soniya Nityanand | ii. | Public Affairs |
| c. | Hriday Narayan Dixit | iii. | Science and Engineering |
| d. | Shri Narayan (Bhulai Bhai) | iv. | Medicine |

**Code :**

**a-iii, b-iv, c-i, d-ii**

---

**96.** निम्नलिखित में से किस हॉकी खिलाड़ी का जन्म उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (इलाहाबाद) में हुआ था ?

**मेजर ध्यान चंद**

Which of the following hockey players was born in Prayagraj (Allahabad), Uttar Pradesh ?

**Major Dhyan Chand**

---

**97.** गुप्त शासन के पतन के बाद, कन्नौज को अपनी राजधानी बनाकर किस राजवंश का उदय हुआ ?

**मौखरी**

After the decline of the Guptas, which dynasty emerged with Kannauj as its capital ?

**Maukharis**

---

PROVISIONAL ANSWERS

**98.** महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के संस्थापक कौन थे ?

**बाबू शिव प्रसाद गुप्त**

Who was the founder of Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi ?

**Babu Shiv Prasad Gupta**

---

**99.** निम्नलिखित में से कौन-सा घटक समग्र शिक्षा योजना में विलीन ***नहीं*** किया गया है ?

**मध्याह्न भोजन योजना (मिड-डे मील स्कीम)**

Which of the following is ***not*** a component merged into the Samagra Shiksha Scheme ?

**Mid-Day Meal Scheme**

---

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सी योजना उत्तर प्रदेश के 'नंद बाबा दुग्ध मिशन' का हिस्सा ***नहीं*** है ?

**कामधेनु डेयरी योजना**

Which of the following schemes is ***not*** a part of the 'Nand Baba Milk Mission' of Uttar Pradesh ?

**Kamdhenu Dairy Yojana**

---

PROVISIONAL ANSWERS